नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी

वी.यू. में कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी ने किया ध्वजारोहण



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आजादी के गर्व का महापर्व आजादी का अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ समारोह हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी ने नानाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वज पूजन तथा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन भाषण में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया तथा अमृत महोत्सव के दौरान किए गए कार्यों को सराहा साथ ही इसी जोश और उमंग से विश्वविद्यालय, प्रदेश तथा देश हित में कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। अमृत महोत्सव के अवसर पर कुमारी अग्रिमा गोयल ने वंदे मातरम गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.के. जोशी, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ सुनील नायक, डॉ. अजीत प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक, श्री सिंह, डॉ. आदित्य मिश्रा, जीपी लखानी, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. कारमोरे सहित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर